करें राम नाम गुणगान राम धुन मस्ती में

नाचे ठुमक ठुमक हनुमान राम धुन मस्ती में,
मस्ती में बाबा मस्ती में,
करें राम नाम गुणगान राम धुन मस्ती में.....

लंका में डंका ऐसा बजाया,
असुरों को बाबा मार गिराया,
किया लंका को श्मशान राम धुन मस्ती में,
नाचे ठुमक ठुमक हनुमान.......

शिव अवतारी मां अंजनी का लाला,
जपे हर वक्त राम नाम की माला,
करें निर्धन को धनवान रामधुन मस्ती में,
नाचे ठुमक ठुमक हनुमान......

रोग कष्ट बाबा पल में मिटा दे,
अपने भगत को गले लगाते,
यह देवों में देव महान राम धुन मस्ती में,
नाचे ठुमक ठुमक हनुमान.....

होनी को अनहोनी कर दे,
रोम रोम में भक्ति भर दे,
दे भक्तों को वरदान रामधन मस्ती में,
नाचे ठुमक ठुमक हनुमान.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25458/title/kare-raam-naam-gungaan-ram-dhun-masti-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |